हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 18 मार्च 2026

11 रिटायर्ड कर्मचारियों ने की जमकर नारेबाजी



12 हनुमान जी की 21 फीट लंबी गदा की निकाली यात्रा



## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** सीआईए की एक टीम द्वारा अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी कर्मवीर ने बताया कि मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार की टीम को गुप्त सूचना मिली कि हर्ष निवासी छबीली जिला झज्जर रेवाड़ी रोड नजदीक दादनपुर किसी के इंतजार में अवैध हथियार लिए हुए खड़ा है। जिस पर कार्रवाई करते हुए टीम मौके पर पहुंची और एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुआ। आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सुबह ठंडक तो दिन में निकली तेज धूप

**बहादुरगढ़।** इलाके में बीते कुछ दिनों से मौसम परिवर्तनशील है। सुबह-शाम ठंडी हवा चल रही है, जिस कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार की सुबह भी ठंडी हवा चली, जबकि दोपहर को तेज धूप खिलने से गर्मी का अहसास हुआ। दोपहर के वक्त अधिकतम तापमान 31 डिग्री दर्ज किया गया। दरअसल, मार्च माह में तापमान तेजी से बढ़ता जा रहा था। मार्च के दूसरे ही सप्ताह में 35 डिग्री के पार हो गया था लेकिन अब बीते चंद दिनों से मौसम में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। रविवार की सुबह तो हल्की बरसात हुई थी। जिसके बाद तापमान में गिरावट आई। सोमवार की रात को आसमान में बादल छाए हुए थे और ठंडी हवा चली। मंगलवार सुबह भी कुछ ऐसा ही मौसम रहा। लेकिन दोपहर को तेज धूप खिली रही।

### हेरोइन सहित आरोपी युवक काबू

**बहादुरगढ़।** स्थानीय पुलिस ने हेरोइन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी बलजीत नगर में हेरोइन लेकर खड़ा है। आरोपी की पहचान रोहित के रूप में हुई है। लाइनपार का रहने वाला है। उसके पास से 14.7 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है।

### रास्ता रोककर युवकों को बेरहमी से पीटा

**बहादुरगढ़।** गांव टांडाहेड़ी के निकट रास्ता रोककर बाइक सवार दो युवकों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में मांडोठी के निवासी यंशु का कहना है कि 15 मार्च की देर शाम को वह और उसके दोस्त आकाश तथा भगत सिंह बाइक सवार होकर किसी काम के सिलसिले में बहादुरगढ़ जा रहे थे। जब टांडाहेड़ी के निकट पहुंचे तो हमारे गांव का एक युवक अपने दोस्त के साथ वहां मिला। उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर हमारे साथ बेरहमी से मारपीट की।

## नगर परिषद बहादुरगढ़ के उपाध्यक्ष पालेराम शर्मा की कुर्सी पर मंडराया संकट, डीसी से मिले पार्षद

# वाइस चेयरमैन की कार्यशैली से नाराज 25 पार्षदों ने जताया अविश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़/झज्जर

नगर परिषद बहादुरगढ़ की बैठक और सार्वजनिक स्थानों पर वाइस चेयरमैन राजपाल उर्फ पालेराम शर्मा की कार्यशैली से नाराज चल रहे पार्षदों का आक्रोश मंगलवार को फूट गया। बहादुरगढ़ नगर परिषद के 25 पार्षदों ने जिला उपायुक्त को एफिडेविट सौंपते हुए वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा के खिलाफ अविश्वास जताया है। शपथपत्र सौंपने वालों में भाजपा, कांग्रेस व इनेलो समेत निर्दलीय पार्षद भी शामिल हैं। बता दें कि हरिभूमि ने 21 फरवरी को इसे लेकर एक्सक्लूसिव समाचार भी प्रकाशित किया था। इसमें उपाध्यक्ष पालेराम शर्मा के सार्वजनिक तिरस्कार से पार्षदों के आहत होने का वर्णन था। बता दें कि नप में 31 निर्वाचित पार्षद हैं।



पार्षदों के बीच रार की खबर को हरिभूमि ने 21 फरवरी को किया था प्रकाशित।

> जिला उपायुक्त को शपथपत्र सौंपते हुए अविश्वास प्रस्ताव के लिए मीटिंग बुलाने की मांग, पार्षदों ने गलत व्यवहार के लगाए आरोप



बहादुरगढ़। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल को शपथपत्र सौंपते पार्षद।

### पालेराम पर अभद्र भाषा के आरोप

*मंगलवार को दो दर्जन से अधिक पार्षद एकत्र हुए और झज्जर स्थित डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल के कैंप कार्यालय में पहुंच गए। खास बात यह थी कि सभी अपने साथ एफिडेविट भी लेकर गए थे। इसमें आरोप लगाया कि वाइस चेयरमैन के व्यवहार और कार्यशैली के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। नाराज पार्षदों का कहना है कि कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में अनावश्यक बाधाएं डाली जा रही हैं। पार्षदों ने अभद्र भाषा के इस्तेमाल और सहयोगात्मक माहौल की कमी जैसे आरोप भी लगाए हैं। पार्षदों ने मांग की है कि नगर परिषद की जल्द विशेष बैठक बुलाई जाए, जिसमें इस मुद्दे पर चर्चा कर लोकतांत्रिक तरीके से निर्णय लिया जा सके। उनका कहना है कि परिषद में कामकाज सुचारू रूप से चलाने के लिए पालेराम शर्मा को पद से हटाया जाए।*



पालेराम शर्मा।

### इन पार्षदों ने दिया शपथपत्र



पार्षद रजनीश कुमार मोनू, अन्नु रानी, राजेश मकड़ौली, ज्योति शर्मा, संदीप अहलावत, जितेंद्र राठी, राजकुमारी धाकरे, मनीषा धनखड़, प्रीति राठी, ज्योति राठी, सचिन दलाल, संदीप दहिया, विशाल गर्ग, विनोद जांगड़ा, बिजेंद्र दलाल, सुनैना मलिक, अश्वनी शर्मा, रमन यादव, बलराम दलाल मिंटू, ज्योति रोहिल्ला, कुलदीप राठी व सरीता आदि ने डीसी को एफिडेवट सौंपे हैं।

### नियमानुसार की जाएगी कार्रवाई

जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि उन्हें पार्षदों की ओर से एफिडेविट प्राप्त हुआ है। सभी दस्तावेजों की गहन जांच की जाएगी और नियमों के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी की जाएगी।

## गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए एसडीएम ने चलाया अभियान

# होटल-रेस्टोरेंट और अस्पतालों में छापा मारकर 52 घरेलू गैस सिलेंडर किए जब्त

■ संचालक संतोषजनक रिकॉर्ड या जवाब पेश नहीं कर सके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एलपीजी की कालाबाजारी और जमाखोरी पर लगाम लगाने के लिए एसडीएम अभिनव सिवाच ने मंगलवार देर शाम खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम के साथ शहर में औचक निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट, निजी अस्पतालों और दुकानों में गैस सिलेंडरों के उपयोग और भंडारण की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नियमों का उल्लंघन सामने आया। टीम ने जीवन ज्योति हॉस्पिटल के किचन से घरेलू उपयोग के तीन गैस सिलेंडर बरामद किए, जिनका इस्तेमाल व्यावसायिक कार्य में किया जा रहा था। इसके अलावा दिल्ली-रोहतक रोड स्थित एक रेस्टोरेंट (बर्गर किंग), दलाल डेयरी, एक होटल तथा झज्जर रोड स्थित बीकानेर स्वीट्स में जांच के दौरान कुल 49 कमर्शियल गैस सिलेंडर पाए गए। संबंधित संचालक संतोषजनक रिकॉर्ड या जवाब पेश नहीं कर सके, जिसके चलते प्रशासन ने सभी 49 सिलेंडर जब्त कर लिए। एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि प्रशासन लगातार निगरानी रखे हुए है ताकि गैस की कृत्रिम किल्लत या बढ़ी हुई कीमतों से आम उपभोक्ताओं को परेशानी न हो। उन्होंने सभी प्रतिष्ठानों को निर्देश दिए कि गैस सिलेंडरों का उपयोग निर्धारित नियमों के अनुसार ही किया जाए, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने नागरिकों से भी अपील की कि यदि कहीं एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी या अवैध उपयोग की जानकारी मिले तो प्रशासन को सूचित करें। इस अभियान के दौरान खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के उप निरीक्षक श्रीकांत और धर्मपाल मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। औचक निरीक्षण के दौरान एलपीजी सिलेंडरों की जांच करवाते एसडीएम अभिनव सिवाच।

### हसनपुर से पांच घरेलू सिलेंडर बरामद

**झज्जर।** मंगलवार को जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने झज्जर कोसली मार्ग पर छापेमारी अभियान चलाया। एएफएसओ अमरजीत सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान गांव हसनपुर में पांच घरेलू सिलेंडरों के कर्मिशयल प्रयोग किए जाने के कारण जब्त भी किया गया। अमरजीत सिंह ने बताया कि विभागीय टीम निरंतर छापेमार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि हसनपुर गांव में पांच सिलेंडरों को जब्त किया गया है। इसके अलावा गैस एजेंसियों का दौरा करते हुए दस्तावेजों की जांच की गई है। उन्होंने बताया कि गैस एजेंसियों के बाहर खड़े उपभोक्ताओं से गैस सिलेंडर मिलने के संबंध में फीडबैक भी लिया गया है।



- संबंधित खबर पेज 12 पर

## हरियाणा बोर्ड की परीक्षा में जांच

# दो पर्यवेक्षकों को ड्यूटी में लापरवाही पर हटाया



झज्जर। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

■ एसडीएम ने किया बोर्ड परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

उपमंडल के स्कूलों में चल रही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं के नकल रहित संचालन को लेकर एसडीएम रेणुका नांदल ने मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों से परीक्षा से जुड़ी जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों की जांच के लिए विभिन्न फ्लाइंग स्क्वायड का गठन किया गया है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की फ्लाइंग स्क्वायड भी निरंतर केंद्रों का निरीक्षण कर रही है।

आरएएफ उड़नदस्ता द्वारा जिले के परीक्षा केंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डावला-1(बी-1)पर नियुक्त पर्यवेक्षक पूनम हिन्दी प्रवक्ता व भगवानी देवी इतिहास प्रवक्ता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिरधाना को ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर कार्यभार मुक्त किया है।

# मारपीट कर युवक की गर्दन में मारा चाकू

■ भगत सिंह सोसाइटी के पास तीन युवकों ने रास्ता रोककर दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

लाइनपार क्षेत्र में रास्ता रोककर एक युवक के साथ मारपीट की गई। उसकी गर्दन पर चाकू से भी वार किया गया। गंभीर रूप से घायल युवक ने अब तबीयत में सुधार होने पर पुलिस को शिकायत दी है। हमले की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। लाइनपार थाना पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

घायल की पहचान अमित के रूप में हुई है। वह लाइनपार के विकास नगर का रहने वाला है। अमित का कहना है कि रात करीब साढ़े दस बजे वह अपने घर जा रहा था। जब भगत सिंह सोसाइटी के सामने पहुंचा तो तीन युवकों ने रास्ता रोक लिया। गाली गलौज करते हुए उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। उनमें से एक युवक ने पीछे से मेरी गर्दन में चाकू मारा। चाकू लगते ही नीचे गिर गया। बेहोश होने लगा। इसी दौरान शोर सुनकर लोग इकट्ठे हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। परिजन उसको अस्पताल लेकर गए, जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस पीजीआई गई लेकिन तब बयान नहीं हो सके। अब हालत में सुधार होने पर घायल अमित ने पुलिस को शिकायत दी है। आरोपियों की पहचान हो गई है। पुलिस उन तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

# बार काउंसिल चुनाव आज, मजिस्ट्रेट व सुपरवाइजर नियुक्त



झज्जर। स्वप्निल रविंद्र पाटिल, डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी झज्जर।

■ झज्जर के लिए नगर परिषद झज्जर के कार्यकारी अभियंता पंकज सैनी और बहादुरगढ़ के लिए पीडब्ल्यूडी के एसडीई मुकेश कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के नोटिफिकेशन के अनुपालन में झज्जर एवं बहादुरगढ़ में वीरवार को आयोजित होने वाले बार काउंसिल चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 16(1) एवं 17(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा मतदान एवं बैलेट पेपर के सुचारू संचालन के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं ड्यूटी सुपरवाइजर नियुक्त किए हैं। झज्जर स्थित न्यायिक परिसर में आयोजित मतदान के लिए पंकज सैनी कार्यकारी अभियंता, नगर परिषद झज्जर को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है, जबकि सतेंदर वशिष्ठ, व्याख्याता राजकीय पॉलिटेक्निक झज्जर को ड्यूटी सुपरवाइजर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं बहादुरगढ़ स्थित न्यायिक परिसर में मतदान के लिए मुकेश कुमार एसडीई, पीडब्ल्यूडी बहादुरगढ़ को ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा राजीव कुमार सहायक प्राध्यापक राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ को ड्यूटी सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है।

## सफलता: मोबाइल गुम होने की स्थिति में तुरंत सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं

# साइबर सेल ने 6.25 लाख के 31 गुमशुदा मोबाइल किए बरामद, मालिकों को सौंपे

> डिजिटल ट्रैकिंग करने से मोबाइल मिलना संभव

■ लोगों को उनके फोन लौटाए गए, तो चेहरों पर खुशी दिखाई दी। पुलिस का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

साइबर सेल की टीम द्वारा 31 गुमशुदा हुए मोबाइल बरामद करने में सफलता हासिल की है। प्रवक्ता ने बताया कि बीते एक महीने के दौरान साइबर सेल टीम ने करीब 6 लाख 25 हजार रुपये मूल्य के 31 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों में कई महंगे और आधुनिक स्मार्टफोन शामिल हैं, जो अलग-अलग स्थानों से गुम हुए थे। साइबर सेल की टीम ने आधुनिक तकनीकी विश्लेषण, डिजिटल ट्रैकिंग और सतत मॉनिटरिंग के माध्यम से इन मोबाइल फोनों को ट्रेस किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए गए। पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जब लोगों को उनके फोन लौटाए गए, तो उनके चेहरों पर खुशी दिखाई दी और पुलिस का आभार जताया। पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में तुरंत सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते फोन को ब्लॉक और ट्रेस किया जा सके और किसी भी प्रकार के दुरुपयोग से बचा जा सके।



# पौधों की हरियाली से संवरेगा शहीदी पार्क





झज्जर। नगर परिषद द्वारा पार्क में रोपित करने के लिए रखे गए पौधे। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के शहीदी पार्क के सौंदर्यकरण का कार्य जोरों पर चल रहा है। नगर परिषद द्वारा पार्क को सुंदर और हरा-भरा बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सैकड़ों की संख्या में पौधे लगाए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य पार्क को आकर्षक बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना भी है। नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने बताया कि पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य अंतिम चरण में हैं। यहां नियमित रूप से सैर करने आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शेड का निर्माण कराया गया है। बच्चों के मनोरंजन के लिए रंग-बिरंगे और आकर्षक झूले लगाए गए हैं, जो पार्क की रौनक बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा पार्क में आधुनिक लाइटिंग की व्यवस्था भी की गई है, जो शाम के समय इसे और भी मनमोहक बनाएंगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले यह पार्क साधारण नजर आता था, लेकिन अब इसका बदला हुआ रूप सभी को पसंद आ रहा है।



## द ग्रेट ग्रांड... का टीजर जारी, नए किरदार में नजर आए जैकी

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो- एलियंस का आगमन' का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें जैकी श्रॉफ सुपरहीरो के किरदार में नजर आए हैं। टीजर दर्शकों को बचपन के जादू और कल्पना की दुनिया में ले जाता है। एक मिनट सात केकंड के टीजर में दिखाया गया है कि एक बच्चा है जो स्कूल में पढ़ता है। उसे कुछ महीनों में स्कूल बदलना पड़ता है। वह यह बात किसी को नहीं बताता है। अगर किसी को यह बात पता चल गई, तो पृथ्वी पर हमला हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उसके दादा खास हैं। उनके पास सुपरपावर है। टीजर के आखिर में नजर आता है कि लड़के के दादा का किरदार जैकी श्रॉफ ने किया है।

लाइफ Style

# तमन्ना

## गफूर सॉन्ग पर किया जबरदस्त डांस

एजेंसी ⏭ मुंबई

आर्यन खान की फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'के गाने 'गफूर' ने रिलीज के बाद से ही काफी सुर्खियां बटोरी थीं। जिसकी वजह है इस गाने में तमन्ना भाटिया का बोल्ड डांस। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें तमन्ना फिर से 'गफूर' गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं।

तमन्ना भाटिया का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तमन्ना ने गुलाबी चमचमाती ड्रेस पहनी हुई है। यह किसी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो लग रहा है, क्योंकि तमन्ना स्टेज पर डांस कर रही हैं और उनके पीछे कई जूनियर आर्टिस्ट भी उनके साथ ताल में ताल मिलाते नजर आ रही हैं। तमन्ना का 'गफूर' गाने पर यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ तमन्ना के इस डांस को पसंद कर रहे हैं, तो कुछ यूजर्स उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं।कई यूजर्स ने लिखा- 'किस किस को ये बिल्कुल पसंद नहीं है'। 'इस गाने पर किस किस को फरहाना भट्ट का डांस याद आया'। मेरी पसंदीदा एक्ट्रेस। वाह वाह वाह क्या डांस किया है। कितनी खूबसूरत, तो वहीं कई फैंस ने तमन्ना के इस वीडियो पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी भी बनाएं हैं। फिल्म 'वीवनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धार्थ मलहोत्रा भी मुख्य भूमिका में होंगे। इस हॉरर फिल्म की कहानी पुराने जंगलों पर आधारित है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।



हॉलीवुड मसाला



## ड्यून-3 की मिली पहली झलक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'ड्यून'के दोनों पार्ट्स ने अच्छा-खासा कलेक्शन बॉक्स ऑफिस पर किया था। इस फ्रैंचाइज की तीसरी कड़ी का इंतजार दर्शकों को काफी समय से है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म के कैरेक्टर्स से जुड़े कई फर्स्ट लुक शेयर किए हैं। इस फर्स्ट लुक में कई चर्चित किरदार नजर आए, जिन्हें नामी हॉलीवुड एक्टर्स ने निभाया है। मेकर्स ने एक्टर टिमोथी चालमेट से लेकर रॉबर्ट पैटिंसन के अलावा कई एक्टर्स के लुक शेयर किए हैं।



## ऑस्कर में पहुंचने से पहले बाल-बाल बचे निक-प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल पॉवर कपल निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में भाग लेकर एक बार फिर फैंस की धड़कनें बढ़ा दीं। मगर इस आइकॉनिक मूमेंट के होने से ठीक पहले दोनों एक हादसे के शिकार होने से बचे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हिस्सा लेने पहुंचे थे। रेड कार्पेट पर जाने के लिए कपल काफी लेट था। ऐसे में दोनों को मेन गेट से अंदर तक जाने के लिए एक गोल्फ कार्ट तैयार थी। निक और प्रिंयका उसमें बैठे और जैसे ही ड्राइवर कार्ट को मोढ़ा तो उसका बैलेंस बिगड़ गया। इस दौरान गोल्फ कार्ट का एक पहिया जमीन से हवा में उठ गया। ऐसे में बैलेंस बनाने के लिए तुरंत निक और प्रियंका ने कार्ट को जोर से पकड़ा। ड्राइवर ने भी कुछ ही सेकेंड में कार्ट पर काबू पा लिया और हादसा टल गया।



## फैमिली संग बर्थडे मनाकर मुंबई लौटीं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने 33वें जन्मदिन का जश्न विदेश में मनाया। वे परिवार के साथ हांगकांग पहुंचीं। मंगलवार को जब वे मुंबई आईं तो हमेशा की तरह पैप्स ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान रणबीर ने एक मजेदार सवाल किया। इस खूबसूरत जोड़ी को साथ देख हमेशा की तरह पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने दौड़ पड़े। इस दौरान रणबीर कपूर ने मजेदार अंदाज में पैप्स से सवाल किया। रणबीर कपूर अपनी पत्नी आलिया का जन्मदिन सेलिब्रेट कर मुंबई लौट आए हैं। कपल को साथ देख पैपराजी भी वहां जुट गए और आलिया को जन्मदिन की बधाई देने लगे। इस दौरान रणबीर ने पैप्स से सवाल किया, 'केक नहीं लाए?' 'केक किधर है'? रणबीर के इस सवाल पर आलिया भी मुस्कुरा उठीं। साथ ही पैपराजी भी हंसने लगे।



## तुम चांद देख लेना का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म का नाम हाल ही में 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' बताया गया है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था। मंगलवार को फिल्म का एक रोमांटिक गाना 'तुम चांद देख लेना' का टीजर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और चित्रांगदा नजर आ रहे हैं। इस गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के बीच एक ऐसे रोमांटिक पहलू को दिखाया गया है, जो इस फिल्म में इन दोनों की रोमांटिक प्रेम कहानी को बयां करता है। इस गाने में चित्रांगदा गुलाबी ड्रेस में सजी-धजी, सलमान का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि सलमान खान पास ही में उनके सामने इस गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसके बैकग्राउंड में चमकता हुआ चांद दिखाई दे रहा है।

टीवी मसाला




## '24' सीजन 3 में अनिल फिर बनेंगे आईटीयू चीफ

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर जहां एक ओर 'सूबेदार' में अपने एंग्री ओल्ड मैन वाले अंदाज को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं, उन्होंने एक्स पर कंफर्म किया है कि 10 साल बाद वह एक बार फिर से '24' सीजन 3 में जय सिंह राठौड़ बनकर लौट रहे हैं। एक फैन के 'सूबेदार' से जुड़े पोस्ट पर उन्होंने यह पुष्टि की है। 24, इसी नाम की अमेरिकी सीरीज का देसी रीमेक है, जिसका पहला सीजन 2013 में और फिर दूसरा सीजन 2016 में ऑन-एयर हुआ था। शो में अनिल कपूर का किरदार जय सिंह राठौड़, आईटीयू का चीफ है, जो अपने परिवार और देश को एक आतंकवादी हमलों से बचाने के लिए समय के विरुद्ध लड़ाई लड़ता है। दोनों सीजन में जय के पास केस को सुलझाने और दुश्मनों को पकड़ने के लिए 24 घंटे का वक्त रहता है। सीजन-3 की कहानी भी इसी तरह के प्लॉट पर आगे बढ़ेगी। अभिनय देव के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज में साक्षी तंवर ने जय की बॉस मल्लिका सेन, सुरवीन चावला ने उनकी प्रेमिका माया और सिकंदर खेर ने हारून शेरचान की भूमिका निभाई थी। नील भूपालम ने आदित्य सिंघानिया का किरदार निभाया, जो देश के प्रधानमंत्री का था। हालांकि, अभी यह कंफर्म नहीं है कि सीजन-3 में इनमें से कितने किरदार पर्दे पर वापसी करेंगे। '24' सीजन 2 की कहानी में जय, एक आतंकवादी मास्टरमाइंड रोशन शेरचन (आशीष विद्यार्थी) और उसकी साथी शिवानी मलिक (साक्षी तंवर) को गिरफ्तार करवा लेता है।

### दुल्हन बनीं कृतिका को देख रो पड़े गौरव

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी का बेहद प्यारा वीडियो सामने आया है, जो चर्चा में है। कृतिका ने जब दुल्हन बन साड़ी में




पापा संग एंट्री की, तो गौरव रो पड़े। उन्हें देख कृतिका हैरान रह गईं। वीडियो में कृतिका और गौरव की शादी की रस्मों और वरमाला की भी झलक है। शादी के बाद जहां कृतिका और गौरव ने तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीता, वहीं पपाराजी को मिठाइयां भी बांटी थीं। सोशल मीडिया अभी भी कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी की तस्वीरों-वीडियो से पटा पड़ा है। इसी बीच न्यूली वेड कपल ने शादी का बेहद प्यारा और इमोशनल वीडियो सामने आया है। इसमें गौरव कपूर दुल्हन बनीं कृतिका को देख रोते नजर आए। शेयर किए गए वेडिंग वीडियो में उन खास पलों और रस्मों की झलक दिखाई गई है, जो कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी में हुईं।

## सरके चुनर तेरी गाने ने अश्लीलता की हदें पार की, बॉलीवुड पर लगे लगाम : कंगना

**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'केडीः द डेविल' का गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज के बाद अपने आपत्तिजनक बोल और कोरियोग्राफी के कारण विवादों में घिर गया है। इस गाने के सेंसर बोर्ड से पास होने को लेकर भी विवाद है। अब अभिनेत्री और राजनेता कंगना रनौत ने भी इस गाने की कड़ी आलोचना करते हुए बॉलीवुड पर 'अश्लीलता' की हदें पार करने का आरोप लगाया है। कंगना ने कहा, 'बॉलीवुड ने अश्लीलता, हथकंडों और ध्यान आकर्षित करने के मामले में सारी हदें पार कर दी हैं। पूरा देश उनकी निंदा और आलोचना कर रहा है। लेकिन, मुझे नहीं लगता कि उन्हें कोई शर्म है। इस तरह की अश्लीलता और अभद्रता के प्रदर्शन पर और भी सख्ती बरतने की जरूरत है। मुझे लगता है कि बॉलीवुड पर कड़ी लगाम लगानी होगी। कंगना से पहले भी कई लोगों ने इस गाने के बोलों पर आपत्ति जताई है।





गायक अरमान मलिक ने भी गाने के बोल सुनकर हैरानी जताई। अपने एक्स अकाउंट पर उन्होंने कहा कि बोल सुनकर उन्हें वीडियो दोबारा देखना पड़ा, क्योंकि उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने क्या सुना है। कमर्शियल गानों में लिरिक्स का स्तर नए निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस हद तक गिरते देखकर दुख होता है। 'सरके चुनर तेरी सरके' आगामी पैन इंडिया कन्नड़ फिल्म 'केडीः द डेविल' का हिस्सा है, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। गीत की शुरुआती पंक्तियां दोहरे अर्थों वाली हैं, जिनमें यौन संबंध का काफी विस्तृत वर्णन किया गया है।

## आयुष्मान ने गाया साड्डी गली का नया वर्जन...

**मुंबई।** एक्टर-सिंगर आयुष्मान खुराना ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने मशहूर गाने 'साड्डी गली' का एक नया वर्जन रिलीज किया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आयुष्मान ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गिटार बजाते हुए इस नए वर्जन को गाते हुए नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए आयुष्मान ने लिखा 'पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं कि आप में से बहुत से लोग मेरे म्यूजिक पर वीडियो बना रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपनी यादें शेयर कर रहे हैं। इससे मुझे भी पुरानी बातें याद आ गईं, इसलिए मैंने 'साड्डी गली' का एक ऐसा अनसुना वर्जन शेयर करने का फैसला किया, जो ओरिजिनल गाने में शामिल नहीं हो पाया था।' एक्टर ने फैंस को यह भी हिंट दी कि इस साल वह और भी म्यूजिकल पीस लेकर आएंगे। उन्होंने कहा 'इस साल मैं और भी गाने गाऊंगा।' आयुष्मान का यह वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो देखकर कई फैंस खुश हुए और इसकी तारीफ की। आयुष्मान खुराना के गाने उनके फैंस के लिए पहली



पसंद रहे हैं। उनकी फिल्म 'विकी डोनर' के गाने 'पानी दा रंग' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। उन्होंने 'मिट्टी दी खुशबू', 'इक वारी', 'साड्डी गली' और ऐसे ही कई और गाने गाए हैं। आयुष्मान जल्द ही 'पति पत्नी और वो दो' में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज होगी। आने वाली फिल्म में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं। इसके निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं।

## पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन में दिखाई गई है बदले की कहानी

# इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इन दिनों सिनेमाघरों में कोई ऐसी बड़ी फिल्म नहीं है, जो दर्शकों को अपनी तरफ बुला सके। 19 मार्च को 'धुरंधर 2' बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। इस बीच इस हफ्ते कई फिल्में और सीरीज ओटीटी पर रिलीज होने वाली हैं।*



**चिरैया :** दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इसका ट्रेलर पसंद आया है। इसमें शादी और रजामंदी का मुद्दा उठाया गया है। इसमें टीनू आनंद, प्रसन्ना विष्ट, सिद्धार्थ शॉ, फैसल राशिद और सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं।

**जैज सिटी :** टीवी सीरीज 'जैज सिटी' 19 मार्च को सोनी लिव पर दस्तक देगी। पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान, 1971 के कलकत्ता की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसके निर्देशक, लेखक और निर्माता सौमिक सेन हैं। इसमें सौरासेनी मैत्रा, शांतनु घटक, अनिरुद्ध गुप्ता और एलेक्जेंड्रा टेलर अहम भूमिकाओं में हैं।

**कासरगोड एंबेसी :** मलयालम वेब सीरीज 'कासरगोड एंबेसी' 20 मार्च से जी5 मलयालम पर स्ट्रीम होगी। सात एपिसोड वाली इस सीरीज में नकली पासपोर्ट बनाने वालों के रैकेट के बारे में दिखाया गया है। इसमें अबू सलीम, गोविंद पाई, कबीर दुहान, रॉनी डेविड और दीपक परमबोल जैसे कलाकार हैं। इसके निर्देशक आतिश एम नायर हैं।

**फ्यूरीज सीजन 2 :** वेब सीरीज 'फ्यूरीज सीजन 2' 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इसमें मुख्य कलाकार पेरिस में एक दमनकारी शासन से टकराएंगे। इसमें लीना अल अरबी, मरीना फोइस अहम किरदारों में होंगे। सीरीज का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**डेडलॉक :** वेब सीरीज 'डेडलॉक' का दूसरा सीजन 20 मार्च 2026 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा। इसमें छह एपिसोड होंगे। यह जासूसी सीरीज है। इसमें केट बॉक्स, मैडलीन सामी, नीना ओयामा, और एलिसिया गार्डिनर अहम किरदारों में हैं।

**पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन :** 'पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन' एक ब्रिटिश फिल्म है। इसमें बदले की कहानी दिखाई गई है। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसके निर्देशक टॉम हारपर हैं। इसमें किलियन मर्फी, रेबेका फर्ग्यूसन, टिम रोथ, स्टीफेन ग्राहम, और सोफी रंडल अहम किरदारों में होंगे।

### द राइज ऑफ द रेड हॉट चिली पेपर्सः अवर ब्रॉदर, हिलेल

93 मिनट की यह डॉक्यूमेंट्री रेड हॉट चिली पेपर्स के शुरुआती वर्षों और मूल गिटारिस्ट हिलेल स्लोवाक के प्रभाव को दर्शाती है। उनकी 1988 में ड्रग की ओवरडोज से मृत्यु हो गई थी। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

*__इंपरफेक्ट वुमन :__ 'इंपरफेक्ट वुमन' साइकोलोजिकल थ्रिलर टीवी सीरीज है, जो 18 मार्च को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इसमें दिखाया गया है कि एक अपराध का वर्षों पुरानी दोस्ती पर असर पड़ता है। यह सीरीज अरामिंटा हॉल के नॉवेल 'इंपरफेक्ट वुमन' पर आधारित है। इसमें एलिजाबेथ मॉस, केरी वॉशिंगटन, केट मारा, जोएल किन्नामन और कोरी स्टॉल अहम किरदारों में होंगी।*

*__रेडियोएक्टिव इमरजेंसी :__ 'रेडियोएक्टिव इमरजेंसी' एक ब्राजीलियन डॉक्यूड्रामा सीरीज है। यह 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। यह 1987 में ब्राजील में हुई रेडियोधर्मी दुर्घटना का नाटकीय रूपांतरण है। इसमें जॉनी मासारो, पाउलो गोर्गुल्हो, तुका एंड्राडा और एंटोनियो सबोइया अहम किरदारों में हैं।*

*__अमोर एनिमल :__ वेब सीरीज 'अमोर एनिमल' एक अर्जेंटीनाई रोमांटिक ड्रामा सीरीज है। यह 20 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। इसमें एक गरीब आर्टिस्ट और एक अमीर लड़की की कहानी दिखाई गई है। इसमें तात्याना गिलकमैन, फ्रैंको मासिनी, सैंटियागो अचागा, वैलेंटिना जेनेरे और ओलिविया नस जैसे कलाकार हैं।*

**खबर संक्षेप**

### कार की चपेट में आकर महिला की मौत

**रेवाड़ी।** रोहतक नेशनल हाइवे पर रोहड़ाई मोड़ के पास सड़क पार करते समय कार की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। जाटूसाना निवासी लगभग 56 वर्षीय लालीदेवी अपनी पुत्रवधु पिंकी के साथ किसी काम से रोहड़ाई गई थी। रोहड़ाई मोड़ पर सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार कार ने लालीदेवी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गई। आसपास के लोगों की मदद से पिंकी ने अपनी सास को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नशीले पदार्थ गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने कुतुबपुर एरिया में नशीला पदार्थ गांजा बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि डाबड़ी निवासी प्रिंस नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है।

*मांगें नहीं मानी तो आंदोलन तेज करेगी रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन*

# रिटायर्ड कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

**बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की प्रमुख मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई**



बहादुरगढ़। बैठक में नारेबाजी करते रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन की ब्लॉक स्तरीय बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई तथा साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर सरकार ने उनकी मांगों को जल्द ही पूरा नहीं किया तो वे अपने आंदोलन को तेज करेंगे।

मंगलवार को कर्मचारी नेता उत्तम सिंह मलिक की अध्यक्षता में जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। सभा का संचालन चांद सिंह ने किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धनखड़, जिला सचिव प्रेम सैनी और कृष्ण अहलावत मुख्य रूप से मौजूद रहे।

बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की प्रमुख मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। वीरेंद्र सिंह धनखड़ ने बताया कि 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर क्रमशः 5, 10 और 15 प्रतिशत पेंशन वृद्धि की जाए। इसके साथ ही चिकित्सा भत्ता एक हजार रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये करने, एलटीसी सुविधा को बिना शर्त बहाल करने और आठवें वेतन आयोग का लाभ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी देने की मांग उठाई गई। उन्होंने मेडिकल की कैशलेस सुविधा लागू करने की भी मांग रखी। बैठक में आजाद सिंह, सतबीर, राज रूप, रामेश्वर, सुभाष, अश्वनी शर्मा, राजेश दहिया, अमित राठी, कुलदीप, नरेश, वजीर, जगदीश, प्रताप, राज सिंह, कर्मपाल, अजीत सिंह और वेद प्रकाश सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### दिल्ली प्रदर्शन में पहुंचे किसान नेता

*बहादुरगढ़। दिल्ली के जंतर-मंतर पर युवा कांग्रेस ने अमेरिकन ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन किया। इसमें बहादुरगढ़ से किसान मजदूर उत्थान मोर्चा के अध्यक्ष सुमित छिकारा ने किसानों के मुद्दे उठाए। उन्होंने अमेरिकन व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी की निंदा की। किसान नेता ने सभी किसानों से 19 मार्च को रामलीला मैदान में अमेरिकन ट्रेड डील के विरोध में होने वाली रैली में भी सम्मिलित होने का आह्वान किया।*

## बेरी मेले के भंडारे में सिंगल यूज प्लास्टिक पर रहेगी पाबंदी



झज्जर। नवरात्र मेले को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

- डीसी ने माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में लगने वाले नवरात्र मेले की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने धर्मनगरी बेरी स्थित माता भीमेश्वरी देवी मंदिर परिसर में अधिकारियों के साथ चैत्र नवरात्र मेला की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि माता भीमश्वरी देवी दर्शन के लिए देश भर से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो, इसके लिए जरूरी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रशासन सजग है। उन्होंने 24 मार्च से 26 मार्च तक लगने वाले चैत्र नवरात्र मुख्य मेले के दौरान धर्मनगरी बेरी आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंधों को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने मेला परिसर में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों के पहचान पत्र, पार्किंग, सुरक्षा, पीने के पानी, रात्रि के समय रोशनी के इंतजाम, स्वास्थ्य सुविधाएं, अस्थाई शौचालय, सीसीटीवी, माइक सर्विस, अग्निशमन सेवाएं आदि के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान लगने वाले भंडारों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी।

## वारदात सुलझने पर पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। पुलिस आयुक्त का आभार जताते बजरंग सोनी व उमेश।

कोमल ज्वेलर्स शोरूम में हुई लूट की वारदात को सुलझाने पर स्वर्णकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बजरंग सोनी व शिकायतकर्ता पक्ष के परिजनों ने पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। दरअसल 7 अक्टूबर की रात को कबाड़ी मार्केट में स्थित कोमल ज्वेलर्स पर लूटपाट की वारदात हुई थी। बहादुरगढ़ निवासी उमेश की शिकायत पर थाना शहर बहादुरगढ़ में लूट का मामला दर्ज हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर विशेष टीमों का गठन किया गया। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ, झज्जर की टीम ने कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 25.50 लाख रुपये, 1.60 लाख रुपये फ्रीज करवाए और 17 किलो 145 ग्राम चांदी बरामद की। मामले में शामिल तमाम आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं

### बारहवीं के बाद लिया निर्णय तय करता है जीवन की दिशा : डॉ. महिपाल



*झज्जर। संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा में मंगलवार को बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बारहवीं कक्षा के बाद सही कोर्स व कॉलेज का चयन कर भविष्य की संभावनाओं बारे जागरूक करना रहा। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को विभिन्न कॅरियर विकल्पों जैसे इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट, कॉमर्स, आर्ट्स, डिजाइन, मीडिया एवं अन्य प्रोफेशनल कोर्सों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया। विशेषज्ञों ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता और लक्ष्य के अनुसार सही निर्णय लेना आवश्यक है। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया। प्राचार्या श्वेता कौशिक ने कहा कि ऐसे काउंसलिंग सत्र विद्यार्थियों को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य स्पष्ट रखने और निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के चेयरमैन डॉक्टर महीपाल यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बारहवीं के बाद लिया गया निर्णय जीवन की दिशा तय करता है।*

## पुलिस टीम ने ग्रामीणों को किया नशा मुक्ति के प्रति जागरूक

- युवाओं से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को क्षेत्र के गांव बिसाहन और गोच्छी में पुलिस टीम द्वारा ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव, डायल 112 व साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक किया। एएसआई पवन कुमार ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति और सामाजिक माहौल को भी प्रभावित करता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की गई। इसके साथ ही ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड के मामलों के प्रति भी जागरूक किया गया। पुलिस ने फर्जी कॉल, ओटीपी मांगने, लिंक भेजकर ठगी करने और ऑनलाइन धोखाधड़ी के तरीकों के बारे में जानकारी दी तथा उनसे बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## एकजुटता, सच्चाई व लोकतंत्र की मजबूती की जीत : जून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने हरियाणा राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कर्मवीर सिंह बौद्ध की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए इसे सच्चाई और लोकतंत्र की जीत बताया है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि एक दलित प्रत्याशी को हराने के लिए कथित रूप से षड्यंत्र रचा गया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। पूर्व विधायक राजेंद्र जून ने इस जीत को दलित समाज की आवाज की जीत करार देते हुए कहा कि यह एकजुटता, सच्चाई और लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने राजनीतिक लाभ के लिए अनुचित रणनीति अपनाई, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बहादुरगढ़ हलके के विधायक राजेश जून की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक ने पहले जनमत के विपरीत जाकर भाजपा का समर्थन किया और अब एक दलित प्रत्याशी के खिलाफ जाकर अपनी सोच को उजागर किया है। इसे जनता के विश्वास के साथ विश्वासघात बताया।



राजेंद्र जून

### भाजपा के राज्यसभा चुनाव जितवाने के तमाम हथकंडे हुए फेल : जून



बहादुरगढ़। भाजपा की आलोचना करते कांग्रेस नेता नरेश जून। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** राज्यसभा चुनाव के दौरान हुए घटनाक्रम के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेश जून ने भाजपा को कोसते हुए कहा कि हरियाणा में लोकतंत्र की हत्या होते-होते बची है। हालांकि भाजपा ने चुनाव में लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलते हुए कांग्रेस विधायकों के वोट रद्द करवाने की साजिश रची। नरेश जून ने कहा कि भाजपा ने पहले संजय भाटिया को अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया और फिर अपनी ही पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतारा। इसके साथ ही कांग्रेस में फूट करने व वोट खरीदने के हर संभव प्रयास किए। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भाजपा अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सकी, तो कांग्रेस विधायकों के वोट रद्द करवाकर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश की गई। कांग्रेस नेता नरेश जून ने कहा कि भाजपा पदाधिकारी एवं निर्दलीय उम्मीदवार को जितवाने के लिए तमाम साजिशें की गई। जनता इस तरह की राजनीति को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। नरेश जून ने कर्मवीर सिंह बौद्ध को जीत की बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने हर साजिश को विफल कर दिया।

## दंत चिकित्सा शिविर में 75 लोगों ने करवाई जांच

- 564 महिला मरीजों ने परामर्श एवं उपचार का लाभ प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप एवं रिलायंस फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र के गांव याकूबपुर में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 75 ओपीडी दर्ज की गईं। इस दौरान 3 दांतों का निष्कर्षण, 14 स्केलिंग तथा 2 दंत पुनर्स्थापन किए गए। प्रवक्ता ने बताया कि मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप एवं रिलायंस फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से वर्ष 2025-26 में अनेक शिविरों का आयोजन किया गया। स्त्री स्वास्थ्य क्षेत्र में कुल 12 स्त्री रोग शिविरों का आयोजन किया गया। जिनमें 564 महिला मरीजों ने परामर्श एवं उपचार का लाभ प्राप्त किया।

### 678 लोगों को चश्मे वितरित किए

दंत स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत, परियोजना क्षेत्र के 18 गांवों में 18 दंत चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया, जिनसे 1723 ग्रामीण लाभान्वित हुए। नेत्र स्वास्थ्य क्षेत्र में, 18 गांवों में 18 नेत्र शिविरों का आयोजन किया गया। जिनसे 1439 ग्रामीणों को लाभ मिला। इसके अतिरिक्त 678 लोगों को चश्मे वितरित किए गए तथा 32 मोतियाबिंद सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गईं। एमईटी एवं रिलायंस फाउंडेशन द्वारा संचालित रिलायंस मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से परियोजना क्षेत्र के गांवों में लगभग 40 हजार लोगों को उनके घर के निकट प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। रिलायंस आरोग्य क्लिनिक के माध्यम से नौ हजार से अधिक परामर्श, योग्य चिकित्सकों द्वारा प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि रिलायंस भविष्य में भी जन-स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए और अधिक व्यापक स्तर पर सेवाएं प्रदान करने के लिए संकल्पित हैं।

### विद्यार्थियों को दी सप्ताह में एक दिन डिजिटल फास्ट रखने की प्रेरणा



झज्जर। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

- राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में व्याख्यान का आयोजन


*झज्जर। राजकीय महाविद्यालय मातनहेल के महिला प्रकोष्ठ द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्थानीय नागरिक अस्पताल के मनोरोग विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ अधिकारी डॉ. अन्नू ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पूर्व मनोरोग नर्सिंग ऑफिसर सुनीता ने विद्यार्थियों के साथ वर्तमान में बढ़ती मानसिक समस्याओं बारे चर्चा की। उन्होंने सप्ताह में एक दिन डिजिटल फास्ट रखने पर बल देते हुए विद्यार्थियों को मानसिक बीमारियों से बचने के लिए नियमित व्यायाम तथा बेहतर पाचन तंत्र के लिए पोषण युक्त आहार का सेवन करने की सलाह दी। इस दौरान आज के समय में युवाओं में बढ़ती नशे की आदत और मानसिक स्वास्थ्य पर उसके प्रभाव बारे में भी बातचीत की गई। प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह ने भी मानसिक स्वास्थ्य के पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस मौके पर दीक्षा, डॉ. सुमन भाटी, साक्षी सैनी, सुषमा, डॉ. नवीन कुमार पूनिया, राजबीर जाखड़, डॉ. राकेश और शिवानी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।*

**बाबा कांशीगिरी मंदिर में आयोजित धर्म सभा**

# हर समय व्यक्त करें ईश्वर का आभार

- ज्योतिषाचार्य पंडित वीरेंद्र शर्मा ने संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। कांशीगिरी मंदिर में धर्मसभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

जीवन एक अदभुत यात्रा है। इस यात्रा में हम अनेक संघर्षों से गुजरते हैं। इंसान की असली पहचान, उसकी अच्छाई और अच्छे संस्कार उम्र भर साथ रहते हैं। हर श्वास व हर सुख ईश्वर की ही देन है। इसलिए, हमें ईश्वर का हर पल आभार व्यक्त करना चाहिए। यह बात ज्योतिषाचार्य पंडित वीरेंद्र शर्मा ने कही। वे मंगलवार को बाबा कांशीगिरी मंदिर में आयोजित धर्म सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन में भले सुख हो या दुख, ईश्वर का स्मरण सदैव करते रहना चाहिए। इस दौरान पंडित गुलशन शर्मा ने सुख के सब साथी दुख में ना कोई.., वीरेंद्र शर्मा ने श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेवा..भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर अशोक जुनेजा, सुरेंद्र कत्याल, इंद्र जुनेजा, अंकुर खुराना, हरबंस पोपली, वासुदेव भूटानी, सुधांशु हंस, विनीत पोपली सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## डीसी ने किया लघुसचिवालय परिसर का औचक निरीक्षण

- नागरिकों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता की विस्तार से समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। लघुसचिवालय परिसर का निरीक्षण करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने लघु सचिवालय का औचक निरीक्षण करते हुए विभिन्न शाखाओं में कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में आने वाले नागरिकों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता की विस्तार से समीक्षा की।

इसके उपरांत उन्होंने लघु सचिवालय परिसर स्थित अंत्योदय सरल केंद्र का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि लघु सचिवालय प्रशासन का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान एवं विभिन्न सेवाओं का लाभ लेने के लिए आते हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है कि प्रत्येक नागरिक को सहज, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सेवाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक देरी आमजन के विश्वास को प्रभावित करती है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### दो भाइयों पर मारपीट व धमकी देने का आरोप

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। गांव के दो सगे भाइयो पर आरोप है। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रोहद के निवासी दिलबाग का कहना है कि रात करीब साढ़े दस बजे वह घर से बाहर टहलने के लिए निकला था। इसी दौरान गांव के निवासी दो सगे भाइयों ने रास्ता रोककर मारपीट की। पुरानी मुकदमे की रंजिश में उन्होंने यह वारदात की। हमले में मुझे काफी चोट आई। स्थानीय नागरिक अस्पताल से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। उधर, पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

### एक्सीडेंट के छह महीने बाद हुआ केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** करीब छह महीने पहले रोहद के निकट हुए एक्सीडेंट के संबंध में अब केस दर्ज हो पाया है। आसौदा थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सांपला के निवासी मंजीत ने कहा है कि गत दस सितंबर को उसका बेटा दीपांशु अपने दोस्त सौरव के साथ बाइक पर सवार होकर बहादुरगढ़ जा रहा था। जब सन लाइट मोड़ पर एचपी पंप के पास पहुंचे तो एक जेसीबी ने बाइक को टक्कर मार दी थी। टक्कर लगते ही दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए और बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। उन्हें नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर किए गए। बेटे का पीजीआई में कई दिन इलाज चला। अब भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुआ है। बच्चे के इलाज में हमारे काफी रुपये लग गए। इस दौरान मनोज नाम के शख्स ने कई बार समझौते के लिए हमसे बात की लेकिन हमने हां नहीं की। पुलिस को कई बार शिकायत दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत दी तो केस दर्ज हो पाया है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

## जिला खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने दुकानदारों को दी चेतावनी, घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग न करें

# गैस की कमी से होटल संचालकों ने मेन्यू कम किया और स्टाफ की भी छंटनी की

*प्रशासनिक और विभागीय स्तर पर कालाबाजारी रोकने के लिए की जा रही छापेमारी*

घरेलू गैस सिलेंडरों का कमर्शियल के तौर पर प्रयोग करने पर आम लोगों पर भी इसका असर पड़ने लगा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

कमर्शियल गैस सिलेंडर की सामान्य आपूर्ति बंद किए जाने के बाद अब कालाबाजारी शुरू हो गई है। बाजार में होटल व ढाबा संचालकों को साढ़े तीन से चार हजार रुपये की कीमत पर कमर्शियल सिलेंडर मिल रहे हैं, जिसके कारण कामकाज पूर्णतया प्रभावित हो गया है। होटल व ढाबा संचालकों ने अपने मेन्यू को कम कर दिया है। वहीं, स्टॉफ की छंटनी भी की जाने लगी है।

इसके अलावा घरेलू गैस सिलेंडरों का कमर्शियल के तौर पर प्रयोग करने पर आम लोगों पर भी इसका असर पड़ने लगा है। घरेलू सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता न होने के कारण घरेलू सिलेंडरों की कालाबाजारी भी शुरू हो गई है। घरेलू सिलेंडर भी ढाई से तीन हजार रुपये की कीमत में मिल रहे हैं। हालांकि प्रशासनिक और विभागीय स्तर पर कालाबाजारी रोकने के लिए छापेमारी भी की जा रही है, लेकिन फिर भी कालाबाजारी रूकने का नाम नहीं ले रही है।






झज्जर। बेरी गेट क्षेत्र स्थित गैस एजेंसी के बाहर लोगों से फीडबैक लेते हुए एएफएसओ अमरजीत सिंह व गैस एजेंसी के बाहर लगी लोगों की लंबी कतार। फोटो : हरिभूमि

### डीसी ने की अपील

*डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि जिले में एलपीजी, सीएनजी और पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। प्रशासन द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडरों की जमाखोरी एवं कालाबाजारी को लेकर कड़ी निगरानी रखी जा रही है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि रसोई गैस सहित सभी पेट्रो उत्पाद की आपूर्ति सामान्य तरह से है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता अनुसार ही एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग करें, ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे।*

### एजेंसियों पर नहीं थम रही लोगों की लाइन

**बहादुरगढ़।** कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई फिलहाल बंद है और लोगों में घरेलू सिलेंडर को लेकर भी चिंता बनी हुई है। ऑनलाइन बुकिंग में परेशानी हो रही है। इसी वजह से बहादुरगढ़ की तमाम गैस एजेंसियों पर सुबह होते ही लाइन लग जाती है। मंगलवार की सुबह भी यहां झज्जर रोड स्थित राम गैस एजेंसी, परशुराम मार्ग स्थित भारत गैस व शहर में मौजूद अन्य एजेंसियों पर लोग सिलेंडर लेकर कतार में खड़े थे। बेशक लाइन लगी थी लेकिन दोपहर तक लोगों को सिलेंडर मिल रहे थे। किसी तरह की मारामारी की स्थिति फिलहाल यहां नहीं है। हां, होटल-ढाबा संचालकों और खाद्य पदार्थ बेचने वाले रेहड़ी संचालकों के सामने जरूर मुश्किलें खड़ी हुई हैं। वहीं, खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से लगातार एजेंसियों पर निगरानी की जा रही है। कालाबाजारी व जमाखोरी की आशंकाओं को देखते हुए विभाग सतर्क है।



बहादुरगढ़। एजेंसी के बाहर लगी लोगों की लाइन। फोटो : हरिभूमि

### एलपीजी गैस की हो रही किल्लत के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार : विकास पाराशर

**झज्जर।** देशभर में एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। जिसकी जिम्मेदार केंद्र सरकार की गलत नीतियां है। यह बात जेजेपी के जिला प्रवक्ता



विकास पाराशर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही। उन्होंने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे तनाव के कारण देश और प्रदेश में तेल की किल्लत हो गई और इसका सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 तक भारत ईरान से तेल आयात करता था और तेल के दाम भी कम होते थे। लेकिन ऐसा क्या हुआ कि भारत अपने पड़ोसी देशों की बजाय दूसरे देशों से तेल ख़रीदने लगा और इसकी वजह से न केवल तेल के दाम बढ़े बल्कि ऊर्जा पूति करने में परेशानी आ रही है। उन्होंने बीते दिनों हिसार में हुए जन चेतना दिवस के सफल कार्यक्रम को लेकर पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि रैली को युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला की अगुवाई में सफल बनाया गया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अजय सिंह चौटाला का राजनीतिक वनवास अब समाप्त हो चुका है और अब जेजेपी के कार्यकर्ता नए जोश व उमंग के साथ आगे बढ़ेंगे।

## डिंपल ने उत्तीर्ण की सीए फाउंडेशन परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

इंडो-अमेरिकन विद्यालय की पूर्व छात्रा डिंपल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की प्रतिष्ठित फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण कर संस्थान का नाम रोशन किया है। डिंपल ने अपनी लगन और निरंतर प्रयास से यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत और समर्पण से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

विद्यालय प्रबंधन की ओर से डिंपल को पुरस्कृत करते हुए विद्यालय निदेशक बिजेंद्र कादियान ने कहा कि इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है। उन्होंने इस उपलब्धि पर डिंपल के परिजनों को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। होनहार छात्रा डिंपल को पुरस्कृत करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## पुस्तकें बौद्धिक, नैतिक व व्यक्तित्व विकास में अहम : गुलाटी

*राजकीय महिला महाविद्यालय के पुस्तकालय में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय के पुस्तकालय में मंगलवार को एक भव्य एवं ज्ञानवर्धक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी के दौरान छात्राओं से पठन-पाठन की रुचि विकसित करने, शैक्षणिक जागरूकता बढ़ाने तथा ज्ञान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया गया।

प्रदर्शनी में शैक्षणिक पाठ्यपुस्तकों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकों, साहित्यिक कृतियों, आत्मकथाओं, प्रेरणादायक पुस्तकों तथा सामान्य ज्ञान से संबंधित पुस्तकों समेत विभिन्न विषयों से संबंधित समृद्ध पुस्तक संग्रह प्रदर्शित किया गया। छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने प्रदर्शनी में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न पुस्तकों में गहरी रुचि दिखाई। कॉलेज प्राचार्या अलका गुलाटी की अध्यक्षता में लगी प्रदर्शनी में उन्होंने पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि पुस्तकें न केवल ज्ञान का स्त्रोत हैं, बल्कि व्यक्ति के बौद्धिक, नैतिक और व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने छात्राओं को नियमित रूप से पुस्तकालय का उपयोग करने तथा विविध विषयों का अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। पुस्तकालय प्रभारी डॉ. शीतल के कुशल मार्गदर्शन में प्रदर्शनी की सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई थी। उन्होंने उम्मीद जताई कि छात्राओं में पढ़ने की आदत विकसित होगी और पुस्तकालय के प्रति रुचि बढ़ेगी।



बहादुरगढ़। पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन करती प्रिंसिपल व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## नशे से दूर रहने के लिए एडीसी ने युवाओं का किया आह्वान

*वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में जिला स्तरीय नशा उन्मूलन संगोष्ठी का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मंगलवार को वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में जिला स्तरीय नशा उन्मूलन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडीसी जगनिवास ने युवाओं को जागरुक किया। इसमें युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित किया। बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने युवाओं से कहा कि नशा एक धीमा जहर है, जो शरीर और भविष्य को खत्म कर देता है। कॉलेज उपप्रधान पवन जैन ने कहा कि युवा शक्ति देश का भविष्य है, इसे नशे से दूर रहना चाहिए। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा कहा कि युवाओं को नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

एडीसी जगनिवास ने कहा कि नशा आज के समाज के लिए गंभीर समस्या बन चुका है। युवाओं को इससे दूर रहकर अपने जीवन को सही दिशा देनी चाहिए। उन्होंने युवाओं को समय प्रबंधन के महत्व को समझाया व जीवन के प्रत्येक क्षण को हर्ष व उल्लास के साथ व्यतीत करने के लिए प्रेरित किया। ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल के निदेशक डॉ. मनीष भारद्वाज ने नशे से होने वाली शारीरिक और मानसिक समस्याओं के बारे में जानकारी दी।




बहादुरगढ़। विजेता छात्रा को पुरस्कृत करते एडीसी व प्रिंसिपल आदि।

### योगाभ्यास को जीवन में शामिल करने का आह्वान

योगाचार्य बलदेव ने दैनिक जीवन में योगाभ्यास को शामिल करने का आह्वान किया। नशा उन्मूलन पर करवाई गई भाषण प्रतियोगिता में हिमांशु व विधिता आर्य ने प्रथम और एकता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. शालू शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। इस मौके पर सत्येंद्र दहिया, कंचन कुमार, पवन शर्मा, दीपक, तरूण, सहसंयोजक डॉ. नैना फोगाट, शिखा तिवारी, डॉ. भारती मिश्रा, स्वीटी व रीना आदि की सक्रिय भागीदारी रहीं।

**मार्केट न्यूज**

### किड्ज़ शैशव ग्रुप ऑफ स्कूल्स में अब तिरंग इंटरनेशनल स्कूल का नाम भी जुड़ा



**झज्जर** शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत किड्ज शैशव ग्रुप ऑफ स्कूल्स और तिरंग इंटरनेशनल स्कूल के बीच अकादमिक सहयोग (Collaboration) स्थापित किया गया है। इस सहयोग के अंतर्गत अब तिरंग इंटरनेशनल स्कूल का सम्पूर्ण अकादमिक विजन और शैक्षणिक संचालन किड्ज शैशव ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा संभाला जाएगा। इसी क्रम में आज एक विशेष स्कूल विजिट का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे बच्चों को विद्यालय परिसर का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने कक्षाओं, खेल क्षेत्र और अन्य सुविधाओं को देखा तथा नए वातावरण को उत्साह के साथ अनुभव किया। स्कूल की निर्देशिका श्रीमती ऊषा गहलोत जी ने बताया कि इस सहयोग से शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। अब छात्रों के लिए विशेष फाउंडेशन क्लासेस (Foundation Classes) की सुविधा प्रदान की जाएगी। इन कक्षाओं का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बेसिक्स को मजबूत करना है, ताकि वे भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा के लिए अभी से तैयार हो सकें। स्मार्ट क्लास, रोबोटिक्स क्लासेज, एक्टिविटी-बेस्ड लर्निंग और व्यक्तिगत ध्यान पर विशेष फोकस किया जाएगा।



बहादुरगढ़। सम्मेलन की शुरुआत करते स्वामी रामदेव। फोटो : हरिभूमि

### महासम्मेलन में लिया भारतीय संस्कृति अपनाने का संकल्प

**बहादुरगढ़।** करनाल की अनाज मंडी में हुए सम्मेलन में बहादुरगढ़ से भी बड़ी तादाद में लोग शमिल हुए। सम्मेलन में लोगों ने योग, स्वदेशी वस्तु, भारतीय चिकित्सा व संस्कृति का अपनाने का संकल्प लिया। पतंजलि योग समिति के जिला महासचिव नरेश सैनी ने बताया कि स्वामी रामदेव ने महासम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत में व्यापार करके विदेशी कंपनियां पैसा ले जाती हैं। भारतीय लोगों को तरह-तरह के प्रलोभन देकर लूटा जाता है। यदि हम भारतीय स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करें तो वह दिन दूर नहीं जब देश समर्थ भारत बनेगा। उन्होंने भारतीय संस्कृति, शिक्षा, चिकित्सा पर बल दिया। हरियाणा महिला प्रभारी अमर, देवप्रिया, प्रेमलता, ईश आर्य, डॉ. जयदीप आर्य ने भी अपने विचार रखे। झज्जर जिला प्रभारी सुनीता, रोशनी गुलिया, कौशल सैनी, सुमन, प्रोमिला, शशि, सुरेश गुलिया, विष्णु यादव, ओमप्रकाश, दिलबाग, पूर्व पार्षद सज्जन सैनी, सुरेश, डॉ. अजीत, व शारदा आदि करनाल पहुंचे थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## वीर बजरंगी के जयघोष से गूंजा शहर, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

# हनुमान जी की 21 फीट लंबी गदा की यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

कंचन सेवा संस्थान उदयपुर में बनाए रहे ऐतिहासिक मंदिर में 11 मुखी और 84 फीट के ऊंचे हनुमान जी की प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है। इसी के चलते अष्टधातु से निर्मित 21 फीट लंबी हनुमान जी की पवित्र गदा बीते करीब 29 माह से भारत भ्रमण कर रही है। मंगलवार को पवित्र गदा की शोभायात्रा शहर के मुख्य चौक-चौराहों से गुजरी। सुबह बादली रोड स्थित शिवालय मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा शहर के प्रमुख मंदिरों में पहुंची। इस दौरान बीच-बीच में श्रद्धालुओं द्वारा गाड़ी पर विराजमान हनुमान जी की 21 फीट लंबी गदा के दर्शन किए तथा गाड़ी को रोक कर वीर बजरंगी पूजा अर्चना की। जब यात्रा शहर के मंदिरों में पहुंची वहां विशाल गदा को देखने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान लोगों ने गदा पर मन्नत के धागे भी बांधे। दिनभर में यह शोभायात्रा 84 घंटों वाले मंदिर, लेखराज मंदिर, श्रीगोपाल मंदिर, कांशीगिरी मंदिर, बालकनाथ मंदिर, प्रेम मंदिर, श्रीराम मंदिर, देवालय मंदिर, बूढ़ा महादेव मंदिर, बाबा प्रसादगिरी मंदिर व छावनी मोहल्ला स्थित श्री शिव हनुमान मंदिर पहुंची। यहां रात्रि विश्राम के बाद शोभायात्रा आगे प्रस्थान करेगी। इस दौरान केशव सिंघल, बिट्टू छाबड़ा, हैप्पी सहित अन्य श्रद्धालु भी सेवा में लगे दिखाई दिए।



झज्जर। लेखराज मंदिर के नजदीक पहुंची शोभायात्रा के दौरान एकत्रित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### आस्ट्रेलिया में 16वें नंबर पर रहे बीआरजी के रणबीर सांगवान




**बहादुरगढ़।** देश के विभिन्न शहरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। बीआरजी के धावक रणबीर सांगवान ने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रनिंग इवेंट में भाग लेकर बहादुरगढ़ का गौरव बढ़ाया। ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में आयोजित कैनिंग रिवर रनिंगवर्क्स फेस्टिवल में रणबीर सांगवान ने 10 किलोमीटर की दौड़ को मात्र 46 मिनट में पूरा करते हुए 16वां स्थान हासिल किया। बता दें कि बहादुरगढ़ की ओमैक्स सिटी में रहने वाले रणबीर सांगवान 55 प्लस आयु वर्ग में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए लगभग हर प्रतियोगिता में पोडियम स्थान हासिल करते रहे हैं। ग्रुप संचालक दीपक छिल्लर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे बहादुरगढ़ के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि बीआरजी समाज में फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति निरंतर जागरूकता फैला रहा है। रणबीर सांगवान की यह सफलता निश्चित रूप से शहर के युवाओं और खेल प्रेमियों को प्रेरणा देगी।